तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **अन्तर कंवर बनाम लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, शेरगढ़)** सू.अ.अपील संख्या 78 / 2023	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13.06.23	अपीलार्थी अन्तर कंवर पत्नी अभय सिंह चौहान निवासी पहाड़गंज कॉलोनी–2, मंडोर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 04.01.2023 में उसके द्वारा कार्यालय उपखण्ड अधिकरी, शेरगढ़ में श्री कानाराम विश्नोई हलका पटवारी चावा तहसील शेरगढ़ की विभागीय जांच में लिए गए बयानों एवं अन्य तथ्यों से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, शेरगढ़) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (उपखण्ड अधिकारी, शेरगढ़) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (उपखण्ड अधिकारी, शेरगढ़) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, शेरगढ़) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावें। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (हिमान्शु गुप्ता) जिला कलक्टर, जोधपुर जिला कलक्टर, जोधपुर (राज.)	